नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

# संस्थागत ढांचे के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने तैयार रहें



नेपा मिल के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते सतर्कता अधिकारी व अन्य। ● नईदुनिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुरः** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार नेपा मिल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह से पहले मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि विभिन्न औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियां शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ संचालित की जाएं। विभिन्न स्तरों पर कार्यरत अधिकारियों की क्षमता और दक्षता में वृद्धि करना प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य है। कार्यशालाओं के माध्यम से उन्नत शिक्षण प्लेटफ़ार्म तैयार होता है। मजबूत संस्थागत ढांचे के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। डिजिटल माध्यम से शासकीय तंत्र को सशक्त बनाया जा सकता है। मुख्य सतर्कता अधिकारी ने प्रतिभागियों को सार्वजनिक क्रय के नियमों, प्रक्रियाओं एवं भारत सरकार के निर्देशों से अवगत कराया। सामान्य गलतियों एवं भ्रष्टाचार के संभावित क्षेत्रों से भी सावधान किया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि अक्टूबर में नेपा लिमिटेड के सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा शून्य भ्रष्टाचार के लक्ष्य पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानडे, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक किशोर महाजन आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 05-09-2024

# नेपा मिल में दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन

## आगामी सतर्कता जागरुकता सप्ताह को लेकर हुआ प्रशिक्षण

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 को लेकर क्षमता निर्माण योजना पर संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार के नेतृत्व में लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा- विभिन्न औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियों में वित्तीय लेनदेन शामिल हैं। शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ-साथ विभिन्न स्तरों पर शासकीय व्यवस्था में कार्यरत अधिकारियों की क्षमता और दक्षता में वृद्धि करना इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य है। यह एक व्यापक पहल है। जिसे भारतीय शासकीय कार्यबल को बिना किसी अनियमितता के डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक क्षमताओं और ज्ञान से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से लक्षित प्रशिक्षण, उन्नत शिक्षण प्लेटफॉर्म और मजबूत संस्थागत ढांचे के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार डिजिटल रूप से शासकीय तंत्रों को सशक्त बनाया जा सकता है। मुख्य सतर्कता अधिकारी ने प्रशिक्षण विशेषज्ञ के तौर पर प्रतिभागियों को सार्वजनिक क्रय के नियमों, प्रक्रियाओं, भारत सरकार के अनुदेशों से अवगत कराया। साथ ही सामान्य गलतियों, भ्रष्टाचार के संभावित क्षेत्रों से भी सावधान किया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठक्करे ने बताया आगामी अक्टूबर महीने में नेपा लिमिटेड के सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा शून्य भ्रष्टाचार के लक्ष्य पर केंद्रित कर्मचारियों और अधिकारियों में सतर्कता की भावना को जागृत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानडे, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक श्रम कल्याण, संबंध किशोर महाजन, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक विद्युत सौम्य मोहंती, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, सहायक प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन विजेंद्र कुमार, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले मौजूद थे।



नेपा मिल में सतर्कता जागरूकता प्रशिक्षण हुआ।

पत्रिका

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर हुआ प्रशिक्षण

# व्यवस्था में लगे अधिकारियों की क्षमता और दक्षता में वृद्धि जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



नेपा मिल में आयोजित कार्यक्रम।

**नेपानगर.** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 को लेकर क्षमता निर्माण योजना पर संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार के नेतृत्व में लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा विभिन्न औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियां जिसमें वित्तीय लेन-देन शामिल हैं शत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ साथ विभिन्न स्तरों पर शासकीय व्यवस्था में कार्यरत अधिकारियों की क्षमता और दक्षता में वृद्धि करना इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य हैं। यह एक व्यापक पहल है जिसे भारतीय शासकीय कार्यबल को बिना किसी अनियमितता के डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक क्षमताओं और ज्ञान से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया हैं। ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से लक्षित प्रशिक्षण, उन्नत शिक्षण प्लेटफॉर्म और मजबूत संस्थागत ढांचे के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार डिजिटल रूप से शासकीय तंत्रों को सशक्त बनाया जा सकता है।

## सरकार के अनुदेश बताए

मुख्य सतर्कता अधिकारी ने प्रशिक्षण विशेषज्ञ के तौर पर प्रतिभागियों को सार्वजनिक क्रय के नियमों, प्रक्रियाओं, भारत सरकार के अनुदेशों से अवगत कराया। साथ ही सामान्य गलतियों, भष्टाचार के संभावित क्षेत्रों से भी सावधान किया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया आगामी अक्टूबर महीने में नेपा लिमिटेड के सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा शून्य भ्रष्टाचार के लक्ष्य पर केंद्रित कर्मचारियों और अधिकारियों में सतर्कता की भावना को जागृत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानडे, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक श्रम कल्याण, संबंध किशोर महाजन, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक विद्युत सौम्य मोहंती, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, सहायक प्रबंधक इंस्ट्रुमेंटेशन विजेंद्र कुमार, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल करोले, सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी, ओपी शुक्ला, निलेश पाटिल, ईशान व्यास, शिवनंदन उमाले सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

# अरविंद वाढेरा होंगे नेपा मिल के नए सीएमडी

नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में पीइएसइबी द्वारा नए प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अरविंद वाढेरा का चयन किया गया है। वर्तमान में राकेश कुमार चोखानी सीएमडी हैं। वे 24 मार्च से बतौर सीएमडी कार्य कर रहे हैं। नए सीएमडी के पदभार ग्रहण करने को लेकर अब तक जानकारी सामने नहीं आई है।